रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-13032021-225901
CG-DL-E-13032021-225901

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1105] नई दिल्ली, शुक्रवार, मार्च 12, 2021/फाल्गुन 21, 1942
No. 1105] NEW DELHI, FRIDAY, MARCH 12, 2021/PHALGUNA 21, 1942

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 12 मार्च, 2021

का.आ. 1193(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 3873 (अ), तारीख 28 अक्तूबर, 2020, द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 28 अक्तूबर, 2020, को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, पूर्वोक्त प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युतर में व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार किया गया था;

और, कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्रफल 426.23 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और अंदमान और निकोबार द्वीप के निकोबार जिला में ग्रेट निकोबार द्वीप के उत्तर केंद्रीय भाग में स्थित है, और क्षेत्र वनस्पति और जीवजंतु की समृद्ध और विविधता का वास है जिसमें कई स्थानिक पौधों और पशुओं को प्रश्रय देने वाली तटीय और मैंग्रोव पारिस्थितिकी प्रणालियां शामिल हैं;

और, कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान अधिसूचना संख्या जे-22010/14/89-सीएससी, द्वारा 13 जनवरी, 1989, से जीवमंडल रिज़र्व के बफर जोन के रूप में संरक्षित वन से घिरा हुआ ग्रेट निकोबार जीवमंडल रिज़र्व का कोर क्षेत्र है और 2013 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा विश्व धरोहर स्थल भी घोषित किया गया था;

और, संरक्षित क्षेत्र में पांच बाहरमासी नदियां है, जो संरक्षित क्षेत्र के अंतर्गत 2106 फीट (642 मीटर) तक ऊंची चोटी वाले, माउंट थूल्लीयर से निकलती हैं और ग्रेट निकोबार द्वीप में ताजे जल की आवश्यकता के लिए महत्वपूर्ण जल ग्रहण क्षेत्र है, और महत्वपूर्ण नदियों में गलाथिया नदी सभी में सबसे बड़ी और सबसे चौड़ी है जो कि दक्षिण में गलथिया खाड़ी जाती है, जुबली नदी उत्तर की ओर बहती है, अलेक्संडर, डगमर और अमृत कौर पश्चिम की ओर बहती है;

और, कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान की वनस्पति भू-मध्यरेखा के निकटतम होने के कारण इसकी उष्णकटिबंधीय आर्द्र जलवायु, क्षेत्र की द्वीपीय प्रकृति, द्वीपों के भौतिक अलगाव और दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पूर्व दोनों मॉनसून के प्रभाव के कारण अद्भुत है जो कि घनत्व वृद्धि और विविध वनस्पति का कवर प्रदान करता है;

और, कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान में वनस्पति विश्व में सबसे अच्छे संरक्षित उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों में एक है और अपनी भौगोलिक स्थिति और भौतिक अलगाव के कारण उच्च स्तर की स्थानिकता को दर्शाता है। राष्ट्रीय उद्यान के इंडो-चीन और इंडो-मालायन क्षेत्रों से भी घटक हैं। 422 जेनेरा और 142 परिवारों से संबंधित क्षेत्र से वनस्पति की लगभग 648 प्रजातियां रिपोर्ट की गई है, जिसमें से स्थानिक वनस्पति की 48 प्रजातियां और गैर-स्थानिक वनस्पति की 85 प्रजातियां दुर्लभ और लुप्तप्राय है। जिमनोस्पर्मस् 3 जेनेरा और 3 परिवारों से संबंधित 4 प्रजातियों का प्रतिनिधित्व करता है। पेट्रोडोफाइटिक समूह 77 प्रजातियों से युक्त पौधों की विविधता और समृद्धता के अच्छे विस्तार में सहायक है जिसमें आंतरिक वनों के पहाड़ी ढलानों के साथ वनस्पति का मुख्य भाग फर्न वृक्ष से संघटित है;

और, कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान ज्वारीय दलदल वन (मैंग्रोव वन), तट वन (समुद्र तट वन), निचला स्तर सदाहरित वन (कोरल रीफ वन), उष्णकटिबंधीय सदाहरित वन (टुरू उष्णकटिबंधीय वन), दक्षिणी पहाड़ी-शिखर सदाहरित वन और फर्न ब्रेक से युक्त है। राष्ट्रीय उद्यान में इयूफोरबियाकिया, रूबियकिया, अरेकाकिया, आर्किडाकिया और स्यपेराकिया और पोआकिया और अन्नोनाकिया परिवारों के सदस्य उच्च प्रतिनिधित्व दर्शाते हैं। क्षेत्र की वनस्पतियाँ की विशिष्टता इस प्रकार देखी जा सकती है कि मेलास्टोमाटाकिया की जेनेरा ओटेंथेरा और एस्ट्रोनिया, स्क्रोफुलारियाकिया के सराईटड्रोमिया, जेस्नेरियाकिया के साइरटेंड्र, इकाकीनाकिया के स्टेमोनुरूस, ऑर्किडाकिया के अरेकाकिया और स्पाथोगलोट्टीस से रहोपलोब्लास्टे और कई और प्रजातियां इन क्षेत्रों की स्थानिक प्रजातियां हैं;

और, क्षेत्र में स्थानिक वनस्पति प्रजातियां विद्यमान है जिसमें वृक्ष फर्नों जैसे *सफाईरोप्टेरिस एल्बो-सेताकेया* (*कयथेया एल्बो-सेताकेया*) और *सफाईरोप्टेरिस निकोबारिका* (*कयाथेया निकोबारिका*) शामिल हैं। क्षेत्र में अन्य स्थानिक वनस्पति प्रजातियों में *प्रोनेपहरियम नाकाइकेयइम, अर्टाबोटॉयस निकोबारिअनुस, उवरिया निकोबारिका, चिसोचेटोन निकोबारिअनुस, निकोबारिओ डेंड्रोंसलेयमेरी, कोन्नारूस निकोबारिकस, ओटांथेरा निकोबारेंसिस, ओफिआरहिंजा इंफुंडिबुलारिस, ओफिओरहिंजा निकोबारिका, जास्मिनुम सयरिंगिफोलियम, चिलोकार्पस डेनुडाटुस वार, निकोबारिकस, गेनिअंथुस होरेइ, कयरटांड्रोइमिया निकोबारिका, कीरतंद्रा बुरट्टी, कीयरतांड्रा ओक्कीडेंटालिस, नोथोफोइबे निकोबारिकस कलेइस्टांथुस बालाकरिसनानि, टरोगोनोस्टेमोन विल्लोसुस वार, निकोबारिकस, एरिडेस इमेरिकी, अनोइकटोचिलुस निकोबारिकस, डेंड्रोबियम शोम्पेनि, हॉर्नस्टेडिया फेंजली, फरयनियम पानिकुलातम, कलामुस निकोबारिकस, रहोपालोबालास्टे औगुस्टाटा, अग्लाओनेमा निकोबारिकम, होमालोमेना ग्रिफिथी वार, ओवाटे* पाई जाती हैं;

और, क्षेत्र के मैंग्रोव वनों में उच्च उर्वर पारिस्थितिकी प्रणालियां है और कई पारिस्थितिकीय क्रियाएं है। क्षेत्र से मैंग्रोव की 14 प्रजातियां अर्थात् *रहीजोफोरा अपिकुलाटा, बरूगुइरा गयम्नोरहिंजा,सोन्नेराटिया कासेओलारिस,* आदि अभिलिखित की गई है। क्षेत्र के अन्य महत्त्वपूर्ण वनस्पति में बेल और कठलता जैसे *डेरिस ट्राइफोलियाटा, सारकोलोबुस गलोबोसुस,फिनलायसोनिया ओबोवाटा,* इफाइटीक फर्न और ऑकिड अर्थात् *एस्पलेनियम निडुस, डेंड्रोबियम क्रुमेनाटम* और *टरिचोगलोट्टिस चिरहिंफेरा* शामिल है। संरक्षित क्षेत्र में संभावित और आर्थिक रूप से महत्त्वपूर्ण प्रजातियां जिसमें *नयपा फरूटिकनस* और *वानिल्ला अंडमानिका* शामिल हैं प्रचुर मात्रा में उगती हैं;

और, कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान से जीवजंतु की कुल 330 प्रजातियां अभिलिखित की गई है जिसमें स्तनधारियों (3 मरीन स्तनधारी सहित) की 28 प्रजातियां, पक्षियों की 97 प्रजातियां, सरीसृपों की 23 प्रजातियां, उभयचरों की 10 प्रजातियां, तितलियों की 52 प्रजातियां, ऑडोनोट्स की 24 प्रजातियां, मकड़ियों की 20 प्रजातियां और जलीय हेमीप्ट्रेनस् की 76 प्रजातियां शामिल हैं;

और, कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान वन्यजीव की विशेष विविधता के लिए जाना जाता है, राष्ट्रीय उद्यान से मुख्य संकटापन्न और स्थानिक जीवजंतु निकोबार क्रैब ईटिंग मैकाक्यू (*मकाका फस्किकुलारिस उम्बरोसा*), निकोबार वन्यजीव

सूअर (*सस स्क्रोफ़ा निकोबारिका*), डुगोंग (*डुगोंग डुगोन*), निकोबार ट्री श्रेव (*तुपाइया निकोबारिका निकोबारिका*), निकोबार फ्लांइग लोमड़ी (*पटेरोपुस फौनुलुस*), स्पाइनी श्रेव (*करोकिडुरा निकोबारिका*) और निकोबार नोज्ड (*हिप्पोसिडेरोस अटेर निकोबारूलेया*), रेट *(रत्तुस बुर्रेस्केन्स), (रत्तुस बुर्रूस), (रत्तुस पुल्लिवेंटेर), (रत्तुस पाल्मारूम),* निकोबार पिपिस्ट्रेल्ले (*पिपिस्ट्रेल्लुस कामोर्टेया*), अंदमान वाटर मॉनिटर *(वारानुस सल्वाटोर अंडमानेंसिस),* तिवारी गार्डन लिर्जाड (*कलोटेस डानिइलि*), इस्चूराइन मगरमच्छ (*क्रोकोडिलुस पोरोसस*), अभिलिखित किए गए है;

और, संरक्षित क्षेत्र के समीपवर्ती समुद्र तट ज्यांइट लैदर बैक कछुआ (*डेर्मोचेल्यस कोरिअकेया)*, ओलिव रिडले कछुआ (*लेपिडोचेल्यस ओलिवाकेया)*, ग्रीन सी कछुआ *(चेलोनिया मायदास)* के लिए महत्त्वपूर्ण बसेरा स्थलों में से एक है;

और, क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण स्थानिक पक्षी प्रजातियों में निकोबार बाघ बिटर्न (गोरसाचिउस मेलानोफुस माइनर*),*निकोबार कोयल डव (*माक्ररोपयगिया रूफिपेंनिस रूफिपेन्निस),*निकोबार इमेराल्ड डव (*चाल्कोफाप्स इंडिका औगुस्टा),* ग्रेट निकोबार क्रेस्टेड सरपेंट ईगल (*स्पिलोरनिस कलोस्सिस),* निकोबार पेराडाइस फ्लाईकैचर *(टेरिसिपोन* पेराडाइस *निकोबारिका),* अंदमान थ्री टोइड किंगफिशर *(केयक्स इरिथाकस माक्रोकरूस),* निकोबार स्टोकबिल्लेड किंगफिशर *(पेलारगोप्सिस कापेंसिस),* निकोबार वाइट-कोल्लारेड किंगफिशर (हलकयोन चलोरिस ओक्किपिटालिस*),* अंदमान कोयल*(इयडयनामयस स्कोलोपाकेया डोलोसा),* निकोबार मेगापोडे (मेगापोडियस निकोबारिइंसिस*),* निकोबार हिल मैना *(ग्राकुला रेलिगिओसा हालिबरेकटा),* निकोबार बैक-नापेड ओरिओले (ओरिओलुस चिनेंसिस माक्रोउरूस*),* निकोबार स्कोपस ओवल *(ओटुस स्कोपस निकोबारिकस),* बल्यथस निकोबार पैराकिट(पसिट्टाकुला कानिकेपस*),*निकोबार रेडचीकड पैराकीट (पसिट्टाकुला लोंगिकउडा निकोबार*),* निकोबार कबूतर *(कैलोनियस निकोबारिका निकोबारिका),* निकोबार ग्रीन शाही कबूतर (*ड्रुकुला एनेया निकोबारिका),* कटचेल शिकरा *(एक्सिपिटर बैजियस ऑब्सोलेटस),* निकोबार वाइट आई *(ज़ोस्टरोप्स पाल्पेबरोस अनिकोबारिका),* अंदमान ग्लॉसी स्टेयर *(एप्लॉनिस पैनयेन्सिस टाइटलरी),* निकोबार ऑलिव बैकड सनबर्ड *(नेकरिनिया जुगुलारिस कलोस्सि*), निकोबार यल्लो बैकड सनबर्ड *(एथोपेगा सिपाराजा निकोबारिका),* अंदमान ग्रे रूम्पेड स्विफ्टलेट *(कोल्लोकालिया फुकिफागा इनेक्पेकटाटा),* वाइट बेल्लीड स्विफ्टलेट *(कोल्लोकालिया इस्कुलेंटा अफ्फिनिस),* निकोबार ग्राउंड थ्रश *(ज़ोथेरा सिट्रीन एल्बोगुलरिस),* आदि विद्यमान हैं;

और, कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान संवेदनशील जनजाति समूहों, में से एक जनजाति शोम्पेन का वास स्थल है, जो कि शिकार करने और संचयन करने के चरण में है और वन संसाधन पर पूरी तरह से निर्भर है कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान सहित पारिस्थितिकी संवेदी जोन को अंदमान और निकोबार (आदिकालीन जनजातियों का संरक्षण) विनियमन, 1956 की धारा 3 के अधीन आदिवासी रिज़र्व के रूप में अधिसूचित किया गया, जिसमें वह अंदमान और निकोबार (आदिकालीन जनजातियों का संरक्षण) विनियमन, 1956 और वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम,1972 की धारा 65 के अधीन वन संसाधनों पर उन्मुक्त अधिकारों का प्रयोग करते हैं;

और, कृषि प्रयोजनों के लिए भूमि के आबंटन और रिज़र्व क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी भूमि में किसी भी ब्याज का अर्जन या ऐसी भूमि पर उत्पादित फसलों को अंदमान और निकोबार (आदिकालीन जनजातियों का संरक्षण) विनियमन, 1956 की धारा 4 और धारा 6 के अधीन विनियमित किया जाता है;

और, रिज़र्व क्षेत्र में आदिकालीन जनजाति के किसी व्यक्ति के अलावा या आदिकालीन जनजाति के सदस्यों के अलावा व्यक्तियों की किसी श्रेणी के प्रवेश का विनियमन पूर्वोक्त विनियम की धारा 7 के अधीन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बिक्री, विनिमय, बंधक, पट्टे या अन्यथा द्वारा का आदिकालीन जनजाति के सदस्य के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरण अंदमान और निकोबार (आदिकालीन जनजातियों का संरक्षण) विनियमन, 1956 की धारा 5 के अधीन विनियमित किया जाएगा और ग्रेट निकोबार द्वीप की शोम्पेन जाति संबंधी नीति-2015 द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक अखंडता, समुदाय की सुरक्षा, सामुदायिक कल्याण को प्रकट करने के साथ-साथ प्राकृतिक वास की सुरक्षा निर्देशित होती है;

और, कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं पारिस्थितिकी पर्यावरणीय से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, जैव विविधिता की दृष्टि सुरक्षित और संरक्षित करना और उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इस अधिसूचना में इसके पश्चात पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संघ राज्य क्षेत्र अंदमान और निकोबार द्वीप समूह के कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के चारों ओर 0 (शून्य) से 1.0 किलोमीटर तक के साथ विस्तारित कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा.-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के चारों ओर 0 (शून्य) से 1.0 किलोमीटर तक विस्तृत है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 65.81 वर्ग किलोमीटर है, और शून्य विस्तार कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के कारण है जो कि बंगाल की खाड़ी की सीमा के साथ है।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का वर्णन और विस्तार **उपाबंध–I** के रूप में संलग्न है।

(3) भू-निर्देशांकों, सैटेलाइट चित्र और अवस्थान मानचित्र के साथ कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध –II क, उपाबंध – IIख** और **उपाबंध – IIग** के रूप में संलग्न हैं।

(4) कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध -III** की सारणी क और ख के रूप में संलग्न हैं।

(5) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत कोई राजस्व ग्राम स्थित नहीं है। तथापि 2004 की सूनामी से बुरी तरह प्रभावित होने के कारण कोंडुल आदिवासी ग्राम के निकोबारियों को सूनामी के बाद कोंडुल द्वीप से कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान के उत्तर-पश्चिमी भाग में अफरा खाड़ी में बसाया गया।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना– (1) संघ राज्य क्षेत्र सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और संघ राज्य क्षेत्र के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए हैं, के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और संघ राज्य क्षेत्र विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए संघ राज्य क्षेत्र सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी.-

(i) पर्यावरण और वन;

(ii) जनजाति कल्याण विभाग;

(iii) कृषि;

(iv) पशुपालन;

(v) अंदमान लोक निर्माण विभाग;

(vi) राजस्व;

(vii) मत्स्य; और

(viii) अंदमान और लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण (एएलएचडब्ल्यू) और अन्य अनुसंधान संगठन।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में, जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों, का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना ग्रेट निकोबार द्वीप-2015 के शोम्पेन जनजाति संबंधी नीति और अंदमान और निकोबार (आदिकालीन जनजातियों का संरक्षण) विनियमन, 1956 में किए गए उपाबंधों को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाएगी।

(7) आंचलिक महायोजना द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होने वाले विकास का विनियमन किया जाएगा और ग्रेट निकोबार द्वीप-2015 के शोम्पेन जनजाति संबंधी नीति में प्रतिष्ठापित और अंदमान और निकोबार (आदिकालीन जनजातियों का संरक्षण) विनियमन, 1956 में किए गए उपाबंधों को विशेष रूप से संवेदनशील जनजाति समूह (पीवीटीजी) के बचाव, सुरक्षा और कल्याण को ध्यान में रखते हुए पैरा 4 में सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध, विनियमित कार्यकलापों का पालन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं के ब्यौरों से अनुसमर्थित मानचित्र के साथ सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यंकन करेगी।

(9) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध पैरा-4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों की जीविका को सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित और उसकी अभिवृद्धि भी करेगी।

(10) आंचलिक महायोजना प्रादेशिक विकास योजना की सह विस्तारी होगी ।

(11) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कार्यों को करने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** संघ राज्य क्षेत्र सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या आवासीय या औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर खंड (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन निगरानी समिति की सिफारिश पर और यथा-लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और केन्द्रीय सरकार या संघ राज्य क्षेत्र सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, और इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाएं सहायक पारिस्थितिकी पर्यटन जिसके अन्तर्गत गृह वास सम्मिलित है; और

(v) पैरा 4 के अधीन दिए गए संवर्धित क्रियाकलाप:

परंतु यह और कि प्रादेशिक नगर योजना अधिनियम और संघ राज्य क्षेत्र सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अधीन अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा और अंदमान और निकोबार (आदिकालीन जनजातियों का संरक्षण) विनियमन, 1956 की धारा 4, 5 और 6 में किए गए उपाबंधों के अनुसार भूमि उपयोग को विनियमित किया जाएगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई गलती, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार ठीक होगी और उक्त गलती के सुधार की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि गलती के सुधार में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा;

(ख) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों.**- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक झरनों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के बारे में जो ऐसे क्षेत्रों के लिए अहितकर हो ऐसी रीति से मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार किए जाएंगे।

(3) **पर्यटन या पारिस्थितिकी पर्यटन.-** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना संघ राज्य क्षेत्र पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जाएगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित होंगे, अर्थात्:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिजॉर्ट के सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे:

परंतु, यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और रिजॉर्ट का स्थापना केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी–पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देते हुए (समय-समय पर यथा संशोधित) जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और निगरानी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किसी नये होटल या रिसोर्ट या वाणिज्यिक स्थापना का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, स्थापत्य, सौंदर्यपूरक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की और उपक्षेत्रों पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण**.- पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण और निवारण का अनुपालन किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सरण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सरण, साधारण मानकों के उपबंधों के अनुसार पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सरण के लिए साधारण मानकों या संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(i) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के अधीन प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन (ईएसएम) अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा.-

(i) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सां.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय यातायात.-** यातायात की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और संघ राज्य क्षेत्र सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति सुसंगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय क्रियाकलापों के अनुपालन को निगरानी करेगी।

(15) **यानीय प्रदूषण.-** लागू विधियों के अनुपालन में वाहन प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण किया जाएगा और स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (क) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ख) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी समय-समय पर यथा संशोधित मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:-

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी;

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों जिसके अन्तर्गत तटीय विनियमन जोन, 2011 और पर्यावरणीय समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 और अन्य लागू विधियों के जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सम्मिलित हैं और किये गये संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं. (1)	क्रियाकलाप (2)	वर्णन (3)
	अ. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी; (ख) खनन प्रचालन, 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं. 202 में टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश 4 अगस्त, 2006 और 2012 की रिट याचिका (सिविल) सं. 435 में गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में होगा ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी: परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी समय-समय पर यथा संशोधित मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	प्रतिषिद्ध।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	प्रतिषिद्ध।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सरण ।	प्रतिषिद्ध।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।

7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	प्रतिषिद्ध।
8.	पोलिथीन बैगों का प्रयोग ।	प्रतिषिद्ध।
9.	जलावन लकड़ियों का वाणिज्यिक प्रयोग।	प्रतिषिद्ध।
10.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	प्रतिषिद्ध।
11.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	प्रतिषिद्ध।
12.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	प्रतिषिद्ध।
13.	वृक्षों की कटाई ।	प्रतिषिद्ध।
14.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक प्रयोग एवं निष्कर्षण ।	प्रतिषिद्ध।
15.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	प्रतिषिद्ध।
16.	बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक रीति से यंत्रीकृत नावों की मदद से नदी जल कृषि और मत्स्य ग्रहण।	प्रतिषिद्ध।
	आ. विनियमित क्रियाकलाप	
17.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा (भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा)।
18.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित अवसंरचनाएं ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाना ।
19.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नवीन सड़कों का संनिर्माण ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों तथा उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाएगा ।
20.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस, आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
21.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
22.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुग्धशाला, दुग्ध उद्योग, कृषि और मछली पालन ।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात।
23.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्तारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सरण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन:चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा लागू विधियों के अनुसार उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण या प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।

IndiaCode

24.	फर्मों, निगम और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
25.	कृषि और अन्य उपयोग के लिए खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
26.	ठोस अपशिष्ट का प्रबन्धन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
27.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
28.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
29.	पारम्परिक मत्स्य ग्रहण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
	इ. संवर्धित क्रियाकलाप	
30.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	अंदमान और निकोबार (आदिकालीन जनजातियों का संरक्षण) विनियमन, 1956 में उपबंधित विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूह और निकोबारी (पीवीटीजी) (शोम्पेन) और निकोबारियों की प्रामाणिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए अनुज्ञा दी गई।
31.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूह और निकोबारी (पीवीटीजी) (शोम्पेन) की आजीविका को प्रभावित किए बिना यथासंभव बढ़ावा देना चाहिए।
32.	विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूह और निकोबारी (पीवीटीजी) और निकोबारियों द्वारा कृषि और बागवानी पद्धतियां।	जीविका आवश्यकता के लिए बढ़ावा दिया जाएगा।
33.	वर्षा जल संचयन।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को अंगीकृत करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
36.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश, इत्यादि को बढ़ावा दिया जाएगा।
38.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
40.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
41.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
42.	निम्नीकृत भूमि या वन या वास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
43.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

Indiacode

5. निगरानी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी निगरानी के लिए निगरानी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:-

क्र.सं.	**निगरानी समिति का गठन**	**पदनाम**
1.	उपायुक्त, निकोबार जिला	अध्यक्ष;
2.	सदस्य, जिला परिषद, कैम्पबेल खाड़ी	सदस्य;
3.	कार्यपालक इंजीनियर, एपीडब्ल्यूडी, कैम्पबेल खाड़ी	सदस्य;
4.	निदेशक, कृषि या उनके प्रतिनिधि	सदस्य;
5.	निदेशक, मत्स्य पालन या उनके प्रतिनिधि, अंदमान और निकोबार द्वीप प्रशासन	सदस्य;
6.	वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, कैम्पबेल खाड़ी	सदस्य;
7.	पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन के एक प्रतिनिधि (विरासत संरक्षण सहित) को संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा नामित किया जाना है	सदस्य;
8.	संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा नामित एक प्रतिष्ठित संस्थान से पर्यावरण या पारिस्थितिकी या वन्यजीव में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
9.	अंदमान और निकोबार द्वीप समूह जैव विविधता परिषद् के प्रतिनिधि	सदस्य;
10.	प्रभागीय वन अधिकारी, निकोबार प्रभाग	सदस्य- सचिव

IndiaCode

6. निर्देश–निबंधन.- (1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल अगले आदेश होने तक किया जाएगा, बशर्ते समिति के गैर-सरकारी सदस्यों को समय-समय पर संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(3) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित हैं, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके जो **पैरा 4** के अधीन सारणी में यथा-विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, निगरानी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केंद्रींय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533 (अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित नहीं है, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविर्निष्ट प्रतिषिद्ध क्रिलाकलापों के निगरानी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकारों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण अधिनियम की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को **उपाबंध-IV** में संलग्न प्रोफार्मा में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. अतिरिक्त उपाय.- इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और संघ राज्य क्षेत्र सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. उच्चतम न्यायालय, आदि के आदेश.- इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे।

[फा. सं. 25/15/2020-ईएसजेड]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध – I

कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

पूर्व- कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान की पारिस्थितिकी संवेदी सीमा बिंदु 1 (7° 12' 48.477" उ और 93° 51' 8.036" पू) से आरंभ होती है, बिंदु ए1 (7° 12' 59.550" उ और 93° 51' 39.402" पू) के पूर्व की ओर मुड़ती है और इसके बाद समुद्र की ओर भाग पर सीमा से 1 किलोमीटर की एकरूप दूरी बनाकर बिंदु ए2 (7° 9' 1.306" उ और 93° 51' 11.834" पू और ए 3 (7° 3' 49.313" उ और 93° 51' 52.757" पू) से होते हुए बिंदु ए4 (7° 0' 19.620" उ और 93° 50' 57.591" पू) के दक्षिण की ओर जाती हैं।


दक्षिण- बिंदु ए4 (7° 0' 19.620" उ और 93° 50' 57.591" पू), से, सीमा इसके बाद राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से एक किलोमीटर की एकरूप दूरी बनाकर बिंदु ए8 (6° 57' 56.254" उ और 93° 44' 35.214" पू) से होते हुए, बिंदु ए5 (7° 0' 9.652" उ और 93° 48' 15.215" पू), ए6 (7° 0' 37.585" उ और 93° 47' 26.796" पू) और ए7 (6° 59' 41.162" उ और 93° 45' 19.845" पू) से होते हुए पश्चिम की ओर मुड़ती है।

पश्चिम:- बिंदु ए 8 (6° 57' 56.254" उ और 93° 44' 35.214" पू) से, सीमा इसके बाद राष्ट्रीय उद्यान की दक्षिण-पश्चिमी सीमा से एक किलोमीटर की दूरी में बिंदु ए 9 (6° 58' 50.571" उ और 93° 44' 10.297" पू) के उत्तर की ओर जाती है और इसके बाद कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान की पश्चिमी सीमा के भाग से होते हुए बिंदु ए 10 (6° 59' 32.776" उ और 93° 42' 28.464" पू) जाती है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा इसके बाद पश्चिमी भाग पर राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 200 मीटर (बिंदु ए 16 और ए 17 के बीच) से एक किलोमीटर तक की विस्तृत दूरी में बिंदु ए11 (6° 59' 46.491" उ और 93° 42' 23.926" पू), ए12 (7° 1' 6.885" उ और 93° 41' 22.885" पू), ए13 (7° 3' 51.309" उ और 93° 40' 12.472" पू), ए14 (7° 4' 40.520" उ और 93° 40' 14.158" पू), ए15 (7° 5' 8.013" उ और 93° 40' 11.421" पू), ए16 (7° 6' 26.617" उ और 93° 40' 33.098" पू), ए17 (7° 7' 6.016" उ और 93° 39' 59.120" पू), ए18 (7° 7' 33.058" उ और 93° 39' 56.081" पू), ए19 (7° 7' 56.593" उ और 93° 40' 12.999" पू), ए20 (7° 8' 19.265" उ और 93° 41' 2.227" पू), ए21 (7° 9' 22.362" उ और 93° 41' 17.342" पू), ए22 (7° 9' 27.083" उ और 93° 40' 55.655" पू), ए23 (7° 9' 30.224" उ और 93° 40' 49.687" पू) और ए24 (7° 9' 45.654" उ और 93° 40' 32.010" पू) से होते हुए बिंदु ए14 (7° 10' 29.435" उ और 93° 40' 35.571" पू) के उत्तर दिशा में मुड़ती है।

उत्तर: उत्तर में पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा राष्ट्रीय उद्यान की उत्तर पूर्वी सीमा पर स्थित आरंभिक बिंदु1 (7° 12' 48.477" उ और 93° 51' 8.036" पू) तक बिंदु 14 (7° 10' 29.435" उ और 93° 40' 35.571" पू) से कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान की उत्तरी सीमा से होते हुए जाती है।


उपाबंध – IIक

कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान का अवस्थान मानचित्र



उपाबंध – IIख

भू-निर्देशांकों के साथ कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र




Station	Latitude	Longitude
1	7° 12' 48.477" N	93° 51' 8.036" E
2	7° 8' 40.042" N	93° 50' 36.763" E
3	7° 3' 50.652" N	93° 51' 19.464" E
4	7° 0' 45.024" N	93° 50' 36.733" E
5	7° 0' 41.926" N	93° 48' 19.468" E
6	7° 1' 29.838" N	93° 47' 38.514" E
7	7° 0' 33.696" N	93° 45' 34.557" E
8	6° 58' 27.846" N	93° 44' 23.937" E
9	6° 59' 44.897" N	93° 43' 0.268" E
10	7° 1' 31.241" N	93° 41' 44.493" E
11	7° 5' 55.213" N	93° 40' 50.986" E
12	7° 7' 23.222" N	93° 40' 26.764" E
13	7° 9' 35.985" N	93° 41' 56.282" E
14	7° 10' 29.435" N	93° 40' 35.571" E

Station	Latitude	Longitude
A1	7° 12' 59.550" N	93° 51' 39.402" E
A2	7° 9' 1.306" N	93° 51' 11.834" E
A3	7° 3' 49.313" N	93° 51' 52.757" E
A4	7° 0' 19.620" N	93° 50' 57.591" E
A5	7° 0' 9.652" N	93° 48' 15.215" E
A6	7° 0' 37.585" N	93° 47' 26.796" E
A7	6° 59' 41.162" N	93° 45' 19.845" E
A8	6° 57' 56.254" N	93° 44' 35.214" E
A9	6° 58' 50.571" N	93° 44' 10.297" E
A10	6° 59' 32.776" N	93° 42' 28.464" E
A11	6° 59' 46.491" N	93° 42' 23.926" E
A12	7° 1' 6.885" N	93° 41' 22.885" E
A13	7° 3' 51.309" N	93° 40' 12.472" E
A14	7° 4' 40.520" N	93° 40' 14.158" E
A15	7° 5' 8.013" N	93° 40' 11.421" E
A16	7° 6' 26.617" N	93° 40' 33.098" E
A17	7° 7' 6.016" N	93° 39' 59.120" E
A18	7° 7' 33.058" N	93° 39' 56.081" E
A19	7° 7' 56.593" N	93° 40' 12.999" E
A20	7° 8' 19.265" N	93° 41' 2.227" E
A21	7° 9' 22.362" N	93° 41' 17.342" E
A22	7° 9' 27.083" N	93° 40' 55.655" E
A23	7° 9' 30.224" N	93° 40' 49.687" E
A24	7° 9' 45.654" N	93° 40' 32.010" E

उपाबंध – IIग

कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन का सैटेलाइट चित्र



उपाबंध -III

सारणी क: मानचित्र पर दर्शाए गए कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के साथ मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

स्टेशन	अक्षांश	देशांतर
1	7° 12' 48.477" उ	93° 51' 8.036" पू
2	7° 8' 40.042" उ	93° 50' 36.763" पू
3	7° 3' 50.652" उ	93° 51' 19.464" पू
4	7° 0' 45.024" उ	93° 50' 36.733" पू

5	7° 0' 41.926" उ	93° 48' 19.468" पू
6	7° 1' 29.838" उ	93° 47' 38.514" पू
7	7° 0' 33.696" उ	93° 45' 34.557" पू
8	6° 58' 27.846" उ	93° 44' 23.937" पू
9	6° 59' 44.897" उ	93° 43' 0.268" पू
10	7° 1' 31.241" उ	93° 41' 44.493" पू
11	7° 5' 55.213" उ	93° 40' 50.986" पू
12	7° 7' 23.222" उ	93° 40' 26.764" पू
13	7° 9' 35.985" उ	93° 41' 56.282" पू
14	7° 10' 29.435" उ	93° 40' 35.571" पू

सारणी ख: मानचित्र पर दर्शाया गया कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के साथ मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

स्टेशन	अक्षांश	देशांतर
ए1	7° 12' 59.550" उ	93° 51' 39.402" पू
ए2	7° 9' 1.306" उ	93° 51' 11.834" पू
ए3	7° 3' 49.313" उ	93° 51' 52.757" पू
ए4	7° 0' 19.620" उ	93° 50' 57.591" पू
ए5	7° 0' 9.652" उ	93° 48' 15.215" पू
ए6	7° 0' 37.585" उ	93° 47' 26.796" पू
ए7	6° 59' 41.162" उ	93° 45' 19.845" पू
ए8	6° 57' 56.254" उ	93° 44' 35.214" पू
ए9	6° 58' 50.571" उ	93° 44' 10.297" पू
ए10	6° 59' 32.776" उ	93° 42' 28.464" पू
ए11	6° 59' 46.491" उ	93° 42' 23.926" पू
ए12	7° 1' 6.885" उ	93° 41' 22.885" पू
ए13	7° 3' 51.309" उ	93° 40' 12.472" पू
ए14	7° 4' 40.520" उ	93° 40' 14.158" पू
ए15	7° 5' 8.013" उ	93° 40' 11.421" पू
ए16	7° 6' 26.617" उ	93° 40' 33.098" पू
ए17	7° 7' 6.016" उ	93° 39' 59.120" पू
ए18	7° 7' 33.058" उ	93° 39' 56.081" पू
ए19	7° 7' 56.593" उ	93° 40' 12.999" पू
ए20	7° 8' 19.265" उ	93° 41' 2.227" पू
ए21	7° 9' 22.362" उ	93° 41' 17.342" पू
ए22	7° 9' 27.083" उ	93° 40' 55.655" पू
ए23	7° 9' 30.224" उ	93° 40' 49.687" पू
ए24	7° 9' 45.654" उ	93° 40' 32.010" पू

IndiaCode

उपाबंध –IV

की गई कार्रवाई - सम्बन्धी रिपोर्ट का प्रपत्र पारिस्थितिकी संवेदी जोन की निगरानी समिति

1. बैठकों की संख्या और तारीख।
2. बैठकों का कार्यवृत: (कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का उल्लेख करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक उपाबंध में उपाबद्ध करें) ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना भी है।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सार (पारिस्थितिकी संवेदी जोन वार)। ब्यौरे उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाले क्रियाकलापों की संवीक्षा के मामलों का सार। (ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाले क्रियाकलापों की संवीक्षा के मामलों का सार। (ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 12th March, 2021

S.O. 1193(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, *vide* notification of the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O 3873(E), dated the 28th October 2020, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said draft notification were made available to the public on the 28th October 2020;

AND WHEREAS, objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the aforesaid draft notification were duly considered by the Central Government;

AND WHEREAS, the Campbell Bay National Park is spread over an area of 426.23 square kilometers and is located in the North Central part of Great Nicobar Island in Nicobar District of Andaman and Nicobar Islands, and the area is an abode of rich and diverse flora and fauna including the coastal and mangrove ecosystems harboring many endemic plants and animals;

AND WHEREAS, the Campbell Bay National Park is the core area of Great Nicobar Biosphere Reserve with surrounding Protected Forest as the Buffer Zone of the Biosphere Reserve with effect from the 13thJanuary 1989, vide notification No. J-22010/14/89-CSC and was also declared as World Heritage Site by United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization in 2013;

AND WHEREAS, the protected area has five perennial rivers, originating from Mt. Thullier, the highest peak, rising to 2106 feet (642 meters) within the protected area, and is significant catchment area for meeting the demand of freshwater in the Great Nicobar Islands, and the important river amongst all is the largest and the widest Galathea River which drains South into Galathea Bay, Jubilee River flows to the North, the rivers Alexandra, Dagmar and Amrit Kaur flowing to the West;

AND WHEREAS, the vegetation of the national park is unique due to its tropical humid climate being closer to the equator, insular nature of the territory, physical isolation of the islands and the impact of both South-West and North-East monsoons which has given rise to dense and diverse vegetation cover;

